शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

शिक्षक अज्ञानता के अंधकार में ज्ञान की ज्योत जलाते

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। ऐश्वर्या कॉलेज में गुरुवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया गया और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र छात्राओं द्वारा सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान के साथ हुई। छात्रा रक्षिता जैन ने अपने संभाषण में कहा की शिक्षक वो हैं जो अज्ञानता के अंधकार में ज्ञान की ज्योत जलाते हैं, जो हमें सही राह दिखाते हैं और जीवन के मूल्यों से परिचित कराते हैं। उनकी प्रेरणा से ही हम अपने सपनों को पंख लगा पाते हैं। छात्र भार्गव वैष्णव द्वारा गुरु वदंना प्रस्तुत की गई। छात्रा सेजल गायरी एवं अदिति साहू द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ ऋतु पालीवाल ने बताया कि गुरु की महानता को शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता, गुरु वो दीपक हैं जो जलते रहते हैं, ताकि हम रोशन हों। उनके ज्ञान और आदर्शों से ही हम अपने सपनों को साकार कर पाते हैं। डॉ राशि माथुर, प्राचार्या ऐश्वर्या शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान एवं डॉ निधि व्यास, प्राचार्या ऐश्वर्या मैनेजमेंट एंड आईटी ने शिक्षक दिवस का महत्त्व बताते हुए बताया कि शिक्षक दिवस का इतिहास 1962 से शुरू होता है, जब डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन् देश के राष्ट्रपति बने थे। उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई क्योंकि वे एक शिक्षक थे और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया था। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ गजाराम सिरवी ने बताया की विद्यार्थी जीवन वह समय है, जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। इस दौरान कड़ी मेहनत, अनुशासन, और धैर्य सफलता की कुंजी होते हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा संचालन प्रियांशी व्यास एवं मानसी पेमावत एवं धन्यवाद ज्ञापन शैलेन्द्र गोयल द्वारा दिया गया।

शिक्षक दिवस : श्रीफल भेंटकर किया गुरु का सम्मान

उदयपुर (पुकार)। महाराणा प्रताप की नगरी मेवाड़ में आयोजित टीचर्स अवार्ड अवॉर्ड में अनुष्का ग्रुप के उत्कृष्ट शिक्षकों डॉ रंजना सुराणा, भूपेश परमार व प्रणय जैन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेवाड़ के पूर्व राजघराने की कुंवरानी निवृत्ति कुमारी और शहर के विधायक ताराचंद जैन थे।

डॉ रंजना सुराणा अनुष्का विधि महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है, इन्होंने कॉमर्स एवं लॉ में प्रबंध पी. जी. की है एवं समान नागरिक संहिता जैसे प्रभावशाली मुद्दे पर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है।

वहीं अनुष्का ग्रुप से एक और शिक्षक प्रणय जैन को भी सम्मानित किया गया। प्रणय जैन पिछले 6 वर्षों से प्रशासनिक सेवा के अभ्यर्थियों को तैयारी करवा रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थियों का सरकारी नौकरी पाने का सपना पूरा हुआ है।

महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक पंकज कुमार शर्मा ने शिक्षक दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम धान मंडी स्कूल में सभी शिक्षकों का सम्मान किया। इस विशेष आयोजन में शर्मा ने शिक्षकों को तिरंगा उपरणा ओढ़ाकर, श्रीफल भेंट कर, और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पंकज कुमार शर्मा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य रिया कमाल व्यास ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कि गयी।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्राचार्य रिया कमाल व्यास, प्रमोद चौधरी, जगदीश जाट, चंदन चौधरी, पोपिया पारवानी(?), नीता लखवानी(?), डॉ. कमलेश सुथार, किरण दुर्गावत, सुरेश कालवानी, सुमन टांक खुशबू मीणा, नीता माथुर, प्रदीप सिंह, टीना भाटी, सुनीता जैन सहित सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर ओम आगाल, भारत जोशी, डॉ. संदीप शर्मा, एसके शर्मा, राजवीर मेघवाल मौजूद थे।

भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि देश के सुदृढ़ एवं सशक्तिकरण बनाने के लिए अच्छे शिक्षकों का होना अतिआवश्यक है। वैश्वीकरण के दौर में तकनीकी विकास त्वरित गति से बढ़ा है, लेकिन छात्रों की रचनात्मक विकास की ओर भी बढ़ने पर ध्यान देना है। इस अवसर पर डॉ एस.एल.शर्मा ने बताया कि छात्रों को जो भी शिक्षा मिलती है उसे अपने व्यावहारिक जीवन में उतारें। छात्र नियमित रूप से कक्षाओं में भाग ले तथा अनुभवी शिक्षकों का लाभ उठायें। शिक्षक से प्रतिदिन आपको कुछ न कुछ जरूर ज्ञान प्राप्त होगा। डॉ.टी.हुसैन ने अपने आशीर्वचन में छात्रों को समय के साथ चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मोनिका राजावत व डॉ. डिम्पल राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर समस्त शिक्षकों को पौधा प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्य एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन फातिमा अलीमजाह व खुशी कुंवर झाला ने किया। विश्वविद्यालय चेयरपर्सन कर्नल प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत, प्रेसिडेंट डॉ महेन्द्र सिंह आगरिया, विद्या प्रचारिणी सभा प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ.निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने इस अवसर पर शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय उदयपुर सेवा केंद्र की संचालिका बीके रीटा बहन, गोगुंदा सेवाकेंद्र बीके रश्मि बहन, बीके रती बहन, बीके नैना, बीके पन्नालाल भाई ने गोगुंदा तहसील के कालका गांव के नारायण कार्मिकों के साथ शिक्षक दिवस मनाया। मीडिया समन्वयक प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि ब्रह्माकुमारी बहने सभी को ईश्वरीय ज्ञान से सुख शांतिमय जीवन जीने की कला सिखाने के उद्देश्य से गांव गांव जाकर सभी का ईश्वर से मिलन कराती है। इसी कड़ी में गुरुवार को यह ज्ञान - शिक्षा दिवस (शिक्षक दिवस) मनाया गया जिसके अन्तर्गत गुरु उद्बोधन के साथ सभी को नारायण भूमि पर आंवला, इमली , जामुन, अमरूद आदि के 25- 25 पौध रोपण हेतु दिये गये ।

पैसिफिक यूनिवर्सिटी के विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय ने 5 सितंबर 2024 को शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. हेमंत कोठारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रेरित किया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन शिक्षा के अवसरों का लाभ उठाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. दिलीप सौरन(?) ने कहा शिक्षक दिवस एक ऐसा विशेष दिन है जो शिक्षकों के योगदान और समाज में उनके महत्वपूर्ण स्थान को सम्मानित करता है। शिक्षक छात्र के जीवन के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। और छात्र को सफलता के पथ पर चलाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. ऋतु व्यास द्वारा किया गया। इस आयोजन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे, जिनमें डॉ. अक्षत सिंह झाला और डॉ. राजू स्वामी इंजीनियरिंग संकाय डॉ. दिव्या शेखावत कम्प्यूटर एप्लीकेशन संकाय तथा डॉ. पारस जोश मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी संकाय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गुरु नानक स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनिल कोठारी एवं संस्था सचिव सरदार अमरपाल सिंह चावला ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया।मीडिया प्रभारी डॉ सिम्मी सिंह ने बताया कि इस अवसर पर छात्राओं ने नृत्य गीत प्रस्तुत किया तथा सभी शिक्षकों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से मनोरंजन किया। प्राचार्य डॉ अनिल कोठारी संस्था सचिव अमर पाल सिंह चावला उपाचार्य डॉ अनुजा पीपाड़ा(?) ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की संयोजक हर्षिता चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कशिश गांधी एवं रितु देवड़ा ने किया। योगिता औदिच्य और हिना शर्मा ने नृत्य की प्रस्तुतियां दी इस अवसर पर छात्राएं आराधना शेख, छवि चौधरी, गरिमा माहेश्वरी, खुशी राठौर, यामिनी गौड़,रिमझिम कोठारी, पार्वती मार(?), फर्मी(?) जैन, हिना शर्मा उपस्थित रही।

एनएसयूआई द्वारा देवेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिक्षक दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान एवं शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शिक्षक ही हमें भविष्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा आधार शिक्षक होता है। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह राठौड़,समीर मेघवाल,विक्रम भाटू आदि कई एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधीनगर(?) शिक्षण महावीर एकेडमी सीनियर सैकण्डरी स्कूल में गुरुवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पर शिक्षक दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक राजकुमार फत्तावत ने की। सभी विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को कलम और श्रीफल देकर सम्मान किया। सुबह की प्रार्थना सभा के पश्चात् शिक्षक दिवस का कार्यक्रम शुरू किया। सभी विद्यालयाध्यक्ष, अध्यापिकाओं के साथ-साथ निदेशक प्रताप फत्तावत, उपाचार्या सपना गौड़, प्रधानाचार्या अरुणा त्रिवेदी और समारोह में उपस्थित थे। समारोह का आरम्भ विद्यालय प्रबन्धन समिति और शिक्षक बने विद्यार्थियों ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात् कक्षा-7 व 8 के विद्यार्थियों ने सरस्वती वन्दना का गान किया। इस बीच मध्यान्तर में विद्यालय प्रबन्धन समिति ने शिक्षक बने विद्यार्थियों को अल्पाहार कराया। शिक्षक दिवस के समारोह का समापन श्रेष्ठ छात्र शिक्षक की घोषणा कर किया।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा तारचंद जैन सेवा संस्थान की ओर से गुरुवार को शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। संस्थान की ओर से शिक्षकों का सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया। तारचन्द जैन सेवा संस्थान के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षकों का सम्मान एवं अभिनंदन हुआ। इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ कुंजन आचार्य ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का महत्व सर्वोपरि होता है। संस्कार और शिक्षा व्यक्ति का जीवन निर्माण करती है। इस अवसर पर डॉ कुंजन आचार्य विपिन गांधी, डॉ भारत भूषण और डॉ कल्पना का भी मेवाड़ी पगड़ी और उपरना व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही संदीप मेघवाल, मुदित(?) जोशी, अनुज सिंह, राहुल चाविंडा(?), दीपिका रामावत(?), कोमल चौधरी, सुजल सेन अभिषेक सिंह राव आदि ने शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष हिमांशु जैन ने तारचन्द जैन सेवा संस्थान ट्रस्ट की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

सेन्ट एन्थोनिज सीनियर सैकण्डरी स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। मीडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि शिक्षक दिवस पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न रंगा रंग प्रस्तुति दी गई। जिसमें नृत्य, कविता, गुरु वंदन आदि प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्राचार्य विलियम डिसूजा द्वारा सभी शिक्षकों को उपहार व मिठाई वितरित की गई।

महेश सेवा संस्थान की ओर से संस्थान भवन में गुरुवार को शिक्षक दिवस सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी इन्द्रा(?) प्रकाश सोमानी, प्रमोद छापरवाल एवं गोपाल काबरा ने समाज के 21 वरिष्ठ शिक्षकों को श्रीफल प्रदान कर एवं उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

संस्थान के अध्यक्ष राजेश गट्टी(?) ने बताया कि महेश सेवा संस्थान द्वारा संचालित महेश पब्लिक स्कूल में वर्तमान में 225 छात्र अध्ययनरत है एवं शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर महेश पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात समाज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे.के. छापरवाल ने सभी शिक्षकों की निःशुल्क चिकित्सा जांच की। कार्यक्रम का संचालन मंजू गांधी एवं छवि भदादा(?) ने किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य, संस्थान के संरक्षक सदस्य एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे एवं सचिव ललित प्रकाश माहेश्वरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इनरव्हील क्लब उदयपुर द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभाशाली शिक्षकों का सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष चंद्रप्रकाश(?) कोठारी ने सभी टीचर्स और इनरव्हील मेंबर्स का स्वागत किया। उन्होंने कहा गुरु और गोविंद दोनों में गुरु ही अधिक महत्वपूर्ण है। इनरव्हील क्लब सेक्रेटरी डॉ स्वीटी(?) चपलावत(?) ने कहा कि अध्यापक हमारे देश का भविष्य का निर्माण करते हैं और उनका सम्मान हम अपना और देश के बच्चों का सम्मान करते हैं क्योंकि गुरु ही विद्यार्थियों का संपूर्ण मार्गदर्शन है। कार्यक्रम संयोजक और इनरव्हील उपाध्यक्ष रेखा जैन ने बताया कि विद्या निकेतन, अशोक नगर में आयोजित समारोह में 9 शिक्षकों का तिलक,उपरना, सर्टिफिकेट और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर बेला जैन, रिंकि जैन, रीना कोठारी(?),सुनीता जैन, कविता जैन, अंजु चौधरी ,निशा अग्रवाल,विजया खमेसरा(?) उपस्थित थे।

ऐश्वर्या कॉलेज में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया गया और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र छात्राओं द्वारा सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान के साथ हुई। छात्र रौनक जैन ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षक वो है जो अज्ञानता के अंधकार में ज्ञान की ज्योति जलाते हैं, जो हमें सही राह दिखाते हैं और जीवन के मूल्यों से परिचित कराते हैं। उनकी प्रेरणा से ही हम अपने सपनों को पंख लगा पाते हैं। छात्र भावेश(?) वैष्णव द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई। छात्रा मेघना चावला(?) एवं अदिति साहू द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ऋतु(?) चाशीवाल(?) ने बताया कि गुरु की महानता को शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता, गुरु वो दीपक है जो जलते रहते हैं, ताकि हम रोशन हों। उनके ज्ञान और आदर्शों से ही हम अपने सपनों को साकार कर पाते हैं।

रोटरी क्लब उदयपुर ने शिक्षक दिवस पर कैलाशपुरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलाशपुरी में ग्रामीण विद्यालय के 29 शिक्षकों को सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने बताया कि इस अवसर पर इस विद्यालय के 250 बच्चों सहित दो अन्य विद्यालयों [illegible] उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलाशपुरी व राजकीय प्राथमिक विद्यालय [illegible] के बच्चों को इस अवसर पर स्टेशनरी, कॉपी, पेन्सिल, स्कूल बैग [illegible], ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान किये।

समारोह में पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी, वीरेन्द्र सिरोया, दीपक मेहता,प्रदीप जैन, गजेन्द्र जोधावत व जितेन्द्र मोदी मौजूद थे।

रोटरी क्लब मेवाड़ ने शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगा रहे झाड़ोल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के अध्यापक, गुरुजनों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. कोमलेश(?) भानावत ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय [illegible] में आयोजित इस कार्यक्रम में इन्हीं विभिन्न विद्यालयों के 11 शिक्षकों [illegible], सुभाष,प्रभुलाल मेघवाल, [illegible],किशन मेघवाल,महावीर जैन,[illegible], [illegible] झाला,नीता [illegible] कविता,पवन जोशी,योगेश [illegible] जोशी,राजेन्द्र को तिलक, उपरना, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर रोटरी मेवाड़ सर्विस ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश पगारिया ने बच्चों से ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करते हुए देश को समृद्ध बनाने के लिए आह्वान किया। इस कार्यक्रम की प्रेरणा रोटरी मेवाड़ के पूर्व अध्यक्ष आशीष हरकावत ने दी और छोटे बच्चों के लिए [illegible] जूते भी भेंट किए। अंत में क्लब सचिव सुनील औदिच्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया और स्कूल में कक्षा अनुसार और भी कार्य संपादित करने का क्लब ने बीड़ा उठाया। कार्यक्रम का संयोजन दीपिका शर्मा ने किया।

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर के द्वारा समवाय में "शिक्षक दिवस" सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. भगवती प्रकाश शर्मा, अध्यक्ष, पैसिफिक ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज, उदयपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये महाविद्यालय के वर्तमान व सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिकों के कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुये भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था में कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. उमा शंकर शर्मा ने बताया कि वैदिक काल से ही भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था में कृषि की नवीनतम् प्रौद्योगिकी का विकास हुआ है, जिसके कारण आज राजस्थान के क्षेत्र में भारत देश को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ही आत्मनिर्भरता प्रदान की गई है तथा वर्तमान में कौशल विकास के पाठ्यक्रमों पर बल दिया । शिक्षक समारोह में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.बी. दुबे ने कृषि शिक्षा पर बल देते हुये बताया कि इस सम्मान समारोह में पूर्व व वर्तमान शिक्षकों/ अनुसन्धान, प्रसार शिक्षा, आवासीय निर्देशक, अधिष्ठाता एवं परिवीक्षक, अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों को श्रीफल के साथ उपरणा ओढ़ाकर सत्कार व सम्मान किया।

नारायण सेवा संस्थान के नारायण चिल्ड्रन एकेडमी में शिक्षक दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने नारायण चिल्ड्रन एकेडमी की प्रधानाध्यापिका डॉ. [illegible] एवं सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों की भूमिका बच्चों द्वारा निभाई गयी। प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि छात्रों ने गुरु पांव के साथ गुरुदेव कैलाश मानव का स्वागत वंदन किया। तत्पश्चात गीत नृत्य एवं कविता आदि की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अग्रवाल ने कहा शिक्षक दिवस अपने गुरुजनों के प्रति पूर्ण श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त का सौभाग्य प्राप्त करने का दिन है।

संक्षिप्त समाचार

रामदेव जी मंदिर में विशाल मेले का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। भादवी बीज के मौके पर [illegible] रामदेव जी मंदिर में विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस मेले का लुत्फ उठाने के लिए आदिवासी और अन्य समाज के लोग पहुंचे। पिछले 22 सालों से आयोजित हो रहे इस मेले का आयोजन भादवी बीज के अवसर पर किया गया। इस दौरान करीब 7 गांव के आदिवासी समाज के लोग इसमें पहुंचते हैं। भादवी बीज के मौके पर रामदेव जी के मंदिर को पूरी तरह सजाया गया और मंदिर में [illegible] मूर्ति पर आकर्षक शृंगार किया गया। [illegible]

कैबिनेट मंत्री कुमावत आज उदयपुर में

उदयपुर (पुकार)। प्रदेश के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत शुक्रवार को शाम 4.30 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। [illegible] 5.30 बजे उदयपुर से [illegible] के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

भादवी बीज रामदेव जयंती पर शोभा यात्रा निकली, भजनों पर थिरके महिला पुरुष

उदयपुर (पुकार)। मेघवाल समाज अम्बामाता की ओर से भादवी बीज रामदेव जयंती पर गुरुवार को अंबामाता [illegible] शोभायात्रा निकाली गई। [illegible]

इनरव्हील क्लब द्वारा धात्री महिला व शिशु को संपूर्ण डिलीवरी करवाने की सामग्री भेंट की

उदयपुर (पुकार)। इनरव्हील क्लब द्वारा एक [illegible] मां और शिशु को डिलीवरी के पश्चात आवश्यक सभी सामग्री [illegible]

साधक को साधना की सफलता के लिए भगवान महावीर जैसा जीवन बनाना चाहिये: संयम ज्योति

उदयपुर (पुकार)। [illegible]

बी एलस

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टी केयर की शुरुआत की

उदयपुर (पुकार)। [illegible] टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 'टी केयर' की शुरुआत की घोषणा की। [illegible]

माउंटेन ड्यू का साहस भरा घूंट, कौन बनेगा करोड़पति में दिला सकता है वाइल्ड कार्ड एंट्री

उदयपुर (पुकार)। माउंटेन ड्यू ने [illegible] कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के साथ [illegible]

लों से खिलाड़ी
ात इसमें रणजी
भाग लेंगे। इससे
बड़े प्लेयरों के
अवसर मिलेगा।
भजनलाल शर्मा,
नाथ शिंदे एवं
कई हस्तियों को
रविराज सोनी ने
में कुल 16 टीमें

एवं तृतीय विजेता को 11000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

शिव सेना के राज्य प्रमुख लखनसिंह पंवार ने राजनीति पर चर्चा करते हुए बताया हम राजस्थान का लगातार दौरा कर रहे हैं और आने वाले समय में हम तीसरे मार्चे के रूप में राजस्थान में उभरेंगे। वर्तमान में हमारे पास तीन विधायक हैं, जिन्होंने शिवसेना की सदस्यता ली है। शिव सेना के दो गुटों के बारे में कहा केवल शिव सेना नाम लिख देने से कोई शिव सेना नहीं

है। दू
विचा
नहीं
मांगी
महेश
थे।
देवरा
मिलव
दिलव
दिया।

शिक्षक की भूमिका समाज में सदैव महत्वपूर्ण : डॉ

महानगर संवाददाता

उदयपुर। बीएन विवि की इयों में विद्यार्थियों ने विविध ोजनों, प्रतियोगिताओं से क दिवस धूमधाम से मनाया। कृषि महाविद्यालय के ाध्याता डॉ दिलिपसिंह ने बताया के सुसभ्य एवं संस्कारित ने के लिए अच्छे शिक्षकों का अति आवश्यक है। प्रो ल शर्मा ने बताया छात्रों को ी शिक्षा मिलती है, उसे अपने हारिक जीवन में उतारें। छात्र मेत रुप से कक्षाओं में भाग लें, भवी शिक्षकों का लाभ लें। प्रो सैन ने छात्रों को समय के साथ ने का आह्वान किया। नएस अधिकारी डॉ पीएस राव ताया यदि शिक्षक न हों तो सात र की कलाओं जैसे संगीत, ु, मूर्ति, चित्रकला, साहित्य, नय और फिल्म कला का ज्ञान देगा। संचालन प्रेक्षा नागर ने ा। छात्रा नंदिनी डोरा, माही र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। न कन्या इकाई में भी शिक्षक प मनाया गया। अधिष्ठाता डॉ पा राठौड़ ने डॉ सर्वपल्ली कृष्णन् के व्यक्तित्व पर प्रकाश ा। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का क लगाकर सम्मान कर उनके ज्ञान को रेखांकित करते हुए प्रति आभार जताया। र्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। शिक्षकों की खेल ोगिता हुई। इससे पूर्व छात्रसंघ अधिष्ठाता डॉ माधवी राठौड़, स्नातकोत्तर अध्ययन संकाय अधिष्ठाता डॉ प्रेमसिंह रावलोत, डॉ गरिमा बाबेल, सह अधिष्ठाता डॉ जेएस भाटी आदि ने डॉ राधाकृष्णन की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्पण किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ मोनिका राजावत, डॉ डिम्पल राठौड़ ने बताया शिक्षकों को पौधे दिए गए। संचालन फातिमा आलमशाह व खुशीकुंवर झाला ने किया। बीएन फार्मेसी के अधिष्ठाता डॉ वाईएस सारंगदेवोत ने बताया वहां भी फार्मडी के विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस मनाकर शिक्षकों का सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया। इसी तरह के विधि, शिक्षा, खेल, बीएनआईपीएस, बीएन पब्लिक स्कूल और स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में भी आयोजन हुए। विवि चैयरपर्सन कर्नल प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत, प्रेसिडेंट डॉ महेन्द्रसिंह आगरिया, विद्या प्रचारिणी सभा प्रबंध निदेशक मोहब्बतसिंह राठौड़, कुल सचिव डॉ निरंजन नारायणसिंह राठौड़ ने दिवस की शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

महावीर एकेडमी में छात्रों ने कराया अध्यापन : गारियावास महावीर एकेडमी सीनियर सैकण्डरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। अध्यक्षता विद्यालय निदेशक राजकुमार फत्तावत ने की। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को कलम और श्रीफल भेंटकर सम्मानित

किया। विषयाध्यापक, अध्यापिकाओं के साथ.साथ निदेशक प्रणय फत्तावत, प्रशासिका सपना गौड़, प्रधानाचार्य अरूण त्रिवेदी उपस्थित थे। शुरू में विद्यालय प्रबन्धन समिति और शिक्षक बने विद्यार्थियों ने सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा.7 व 8 के विद्यार्थियों ने सरस्वती वन्दना का गान किया। कक्षा.दसवीं की छात्रा खुशी शर्मा ने शिक्षक दिवस पर विचार व्यक्त किए। प्रशासिका सपना गौड़ ने शिक्षक बने विद्यार्थियों को अनुशासनात्मक दिशा.निर्देश दिए। प्रधानाचार्य अरूण त्रिवेदी ने शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच की सम्प्रेषणीयता पर रोचक अन्दाज में प्रस्तुति दी। प्रबन्धक राजकुमार फत्तावत ने छात्र.छात्राओं को प्रोत्साहित कर विद्यालय परिवार का धन्यवाद जताया। संचालन अध्यापिका ज्योति भाटी ने किया। शिक्षक बने विद्यार्थियों ने विषयवार कक्षाओं में अध्यापन कार्य किया। समापन में श्रेष्ठ छात्र, शिक्षक की घोषणा की गई।

महेश सेवा संस्थान ने मनाया दिवस : महेश सेवा संस्थान में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी द्वारकाप्रसाद सोमानी, प्रमोद छापरवाल, गोपाल काबरा ने समाज के 21 वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया। संस्थान अध्यक्ष राजेश राठी ने बताया संस्थान के महेश पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जेके छापरवाल ने शिक्षकों की निशुल्क चिकित्सा जांच की। संचालन मंजू गांधी एवं छवि भदादा ने किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य, संस्थान संरक्षक, सदस्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। सचिव ललितप्रसाद माहेश्वरी ने धन्यवाद दिया।

शिक्षक ज्ञान की ज्योत जलाते हैं

ऐश्वर्या कॉलेज में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट कर उनके योगदान पर कृतज्ञता व्यक्त की। शुरुआत में

इनरव्हील क्लब

इनरव्हील क्लब द्वारा प्रतिभ
अध्यक्ष चंद्रकला कोठारी ने टीच
डॉ. सीमा चंपावत ने भी विचार व्य
उपाध्यक्ष रेखा जैन ने बताया विद्
शिक्षकों को सम्मानित किया ग
सोजतिया, सुनंदा जैन, बबिता
सरूपरिया उपस्थित थे।

रोटरी क्लब उद

रोटरी क्लब उदयपुर ने शि
माध्यमिक विद्यालय में 29 शिक्षक
छाजेड़ ने बताया विद्यालय के 250
विद्यालय कैलाशपुरी व राजकीय
स्टेशनरी, शिक्षण सामग्री बांटी। स
सिरोया, दीपक मेहता, सतीश जैन

जनजातीय क्षेत्र के

रोटरी क्लब मेवाड़ ने ग्रामी
के स्कूलों के अध्यापकों को
भाणावत ने बताया राबाउमावि ग
15 शिक्षकों को सम्मानित किय
पगारिया ने बच्चों को प्रेरक संबो
के पूर्व अध्यक्ष आशीष हरकावत
दिया। स्कूल में क्षमता अनुसार
संयोजन दीपिका शर्मा ने किया।

छात्र छात्राओं ने शिक्षकों
सम्मान किया। छात्रा रक्षिता जैन
संभाषण दिया। छात्र भार्गव वैष्
ने गुरु वदंना की। छात्रा सेज
गायरी एवं अदिति साहू
सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति
ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या
ऋतु पालीवाल, डॉ राशि मा
प्राचार्या ऐश्वर्या शिक्षण प्रशि

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मानः शिक्षक अज्ञानता के अंधकार में ज्ञान की ज्योत जलाते

उदयपुर, 5 सितम्बर (नसं)। ऐश्वर्या कॉलेज में आज शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया गया और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र छात्राओं द्वारा सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान के साथ हुई। छात्रा रक्षिता जैन ने अपने संभाषण में कहा की शिक्षक वो हैं जो अज्ञानता के अंधकार में ज्ञान की ज्योत जलाते हैं, जो हमें सही राह दिखाते हैं और जीवन के मूल्यों से परिचित कराते हैं। उनकी प्रेरणा से ही हम अपने सपनों को पंख लगा पाते हैं। छात्र भार्गव वैष्णव द्वारा गुरु वदंना प्रस्तुत की गई। छात्रा सेजल गायरी एवं अदिति साहू द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ ऋतु पालीवाल ने बताया कि गुरु की महानता को शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता, गुरु वो दीपक हैं जो जलते रहते हैं, ताकि हम रोशन हों। उनके ज्ञान और आदर्शों से ही हम अपने सपनों को साकार कर पाते हैं। डॉ राशि माथुर, प्राचार्या ऐश्वर्या शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान एवं डॉ निधि व्यास, प्राचार्या ऐश्वर्या मैनेजमेंट एंड आईटी ने शिक्षक दिवस का महत्त्व बताते हुए बताया कि शिक्षक दिवस का इतिहास 1962 से शुरू होता है, जब डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन् देश के राष्ट्रपति बने थे। उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई क्योंकि वे एक शिक्षक थे और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया था। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ गजाराम सिरवी ने बताया की विद्यार्थी जीवन वह समय है, जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। इस दौरान कड़ी मेहनत, अनुशासन, और धैर्य सफलता की कुंजी होते हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा संचालन प्रियांशी व्यास एवं मानसी पेमावत एवं धन्यवाद ज्ञापन शैलेन्द्र गोयल द्वारा दिया गया।